हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 27 मई 2026



04 गर्मी का कहरः 46 डिग्री के पार पहुंचा पारा, लू के...





07 पनवाड़ा हत्याकांड के बाद हो रही कार्रवाई को...






## खबर संक्षेप

### ईदुज्जुहा 28 मई को अवकाश घोषित

**सागर**। राज्य शासन द्वारा 27 मई, 2026 दिन बुधवार को ईदुज्जुहा के घोषित अवकाश के स्थान पर दिनांक 28 मई, 2026 दिन गुरूवार को निगोशिएबल इन्स्ट्रमेन्ट्स एक्ट 1881 (1881 का कमांक 26) की धारा 25 के अधीन सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। दिनांक 27 मई दिन बुधवार को निर्धारित समयानुसार समस्त कार्यालय खुले रहेंगे।

### गंगा दशहरा पर निकली कलश यात्रा, दिया गया जल संरक्षण का संदेश

**सागर**। जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था द्वारा जिले के विभिन्न विकासखंडों में आयोजन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिले के विभिन्न विकासखंडों में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा दशहरा के पावन अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों और जन अभियान परिषद के स्वयंसेवकों ने उत्साह से भाग लिया। यात्रा के दौरान जल संरक्षण का संदेश दिया गया और लोगों को नदियों, तालाबों एवं जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया गया। यात्रा में बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल का संरक्षण, पारंपरिक जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार और जन-जन को जल के महत्व से जोड़ना है। विभिन्न स्थानों पर जल स्त्रोतों पर दीपदान और पूजा-अर्चना की गई। उपस्थित नागरिकों ने जल बचाने, पौधारोपण करने और जल स्त्रोतों को प्रदूषण से मुक्त रखने की शपथ ली।

### सांईखेड़ा वेयर हाउस में गेहूं उपार्जन की जांच में अनियमितताओं पर कार्रवाई

**सागर**। सागर जिले के सांईखेड़ा वेयर हाउस में संचालित गेहूं उपार्जन केंद्र की जांच में गंभीर अनियमितताओं पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कार्रवाई करते हुए समिति प्रबंधक, उपार्जन केंद्र प्रभारी एवं वेयर हाउस शाखा प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी किए। उकत कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सागर के एवं खाद्य विभाग तथा राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। प्रतिवेदन के अनुसार बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी संस्था ढाना द्वारा संचालित गेहूं उपार्जन केंद्र का निरीक्षण सांईखेड़ा वेयर हाउस परिसर में किया गया। जांच के दौरान केंद्र प्रभारी श्रीमती संगीता तिवारी अनुपस्थित पाई गईं तथा उपार्जन केंद्र संचालन संबंधी कोई वैध अनुमति अथवा आदेश प्रस्तुत नहीं किया जा सका। जांच में यह भी पाया गया कि बिना अनुमति स्थल परिवर्तन कर वेयर हाउस में गेहूं का भंडारण कराया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान बड़ी मात्रा में बिना सिली हुई बोरियां पाई गईं, जिन पर न तो स्टेंसिल लगाए गए थे और न ही किसानों के कोड अंकित थे। अधिकारियों ने आशंका जताई कि उपार्जित फसल के अपयोजन की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त खरीदी स्थल एवं भंडारण स्थल एक ही होने के बावजूद बोरियों का परिवहन कराया जाना समय एवं धन के दुरुपयोग की श्रेणी में पाया गया। जांच प्रतिवेदन में समिति प्रबंधक श्री सूर्यकांत दुबे एवं केंद्र प्रभारी श्रीमती संगीता तिवारी द्वारा उपार्जन नीति की विभिन्न कंडिकाओं के उल्लंघन का उल्लेख करते हुए दोनों से स्पष्टीकरण मांगा गया है कि उन्हें उपार्जन कार्य से पृथक करने, संस्था को ब्लैकलिस्ट करने तथा पुलिस अभियोजन की कार्रवाई क्यों न की जाए। इसी प्रकार म.प्र. वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन शाखा सांईखेड़ा के प्रभारी मुकेश परमार को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। निरीक्षण के दौरान वे उपार्जन केंद्र संचालन संबंधी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके तथा उन्हें केंद्र प्रभारी की जानकारी भी उपलब्ध नहीं थी।

## 34 ग्रामों के किसानों को मिलेगा लाभ, 9 हजार हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित

# चौकी मनकापुर के बीच बनेगा 400 करोड़ का देहरा बांधः मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सुरखी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की कमी नहीं है किसानों के लिए सिंचाई के साधनों की उपलब्धता इतनी अधिक हो चुकी है कि अब हमारा किसान पंजाब जैसी खेती करेगा, चौकी मनकापुर के बीच देहरा बांध बनने जा रहा है जिसकी लागत 400 करोड से अधिक है। 34 ग्रामों के किसानों को लाभ मिलेगा। 9 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। 25 हजार से अधिक किसान होंगे लाभान्वित। यह बात खाघ नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरंक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के खजुरिया में आयोजित करोडों के विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन के अवसर पर कही।

राजपूत ने कहा कि एक समय था जब सुरखी विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई के साधन न के बराबर थे लेकिन सुरखी विधानसभा क्षेत्र में जेरा परियोजना, परकुल परियोजना, मढिया बांध, मिडवासा परियोजना, अमोदा कंदेला परियोजना, पडरिया बांध, कालीपठार जलाषय जैसी परियोजनाओं से सुरखी विधान सभा क्षेत्र का हर क्षेत्र सिंचाई के मामले में अग्रणी हो गया है जहां के हजारों किसान लाभान्वित हो रहे है। यह खुशहाली और समृद्धि प्रदेश सरकार की देन है जिन्होंने



किसानों को साधन संपन्न और मजबूत बनाया। श्री राजपूत ने कहा कि हमारे यहां के किसान अब पंजाब, हरियाणा के किसानों जैसी खेती में संपन्नता की ओर अग्रसर है।

मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है, वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और इसी संकल्प के साथ विकास कार्यों को तेजी से धरातल पर उतारा जा रहा है।

### जनकल्याणकारी योजनाओं से बदला ग्रामीण जीवन

मंत्री राजपूत ने कहा कि सरकार की योजनाओं ने आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीबों को पक्के मकान मिल रहे हैं, हर घर नल-जल योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, वहीं उज्ज्वला योजना के जरिए महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है, किसान सम्मान निधि से किसानों को आर्थिक सहायता मिल रही है तथा लाड़ली बहना योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन, सड़क निर्माण एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार से ग्रामीण क्षेत्रों का तेजी से विकास हो रहा है।

कार्यक्रम के दौरान खजुरिया, नौरजा, मुगरयाऊ सहित विभिन्न ग्रामों में पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, सीसी रोड, नल-जल योजना, चबूतरा निर्माण, तालाब जीर्णोद्धार एवं सड़क निर्माण जैसे अनेक विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया गया। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और जनता की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

कार्यक्रमों के दौरान क्षेत्र में उत्साह और जनसमर्थन का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने मंत्री का स्वागत करते हुए क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की।



## खुरई में पाइपलाइन खुदाई से सड़क के गड्ढे में कार फंसी, परिवार बाल-बाल बचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

विनोबा भावे वार्ड में पानी की टंकी की पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। गड्डों के कारण आवागमन बाधित हो रहा है और वाहन फंस रहे हैं। बीती रात एक कार गड्ढे में फंसकर पलटने की स्थिति में आ गई, जिसमें सवार परिवार को मुश्किल से सुरक्षित बाहर निकाला गया।शहर के इस नए विनोबा भावे वार्ड (पुराने निर्तला) में पेयजल आपूर्ति पाइपलाइन डालने का कार्य एशियाटिक ट्रेडर्स कंपनी द्वारा किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार सीसी सड़कों को खोदने के बाद उनकी मरम्मत नहीं करवा रहा है, जिससे जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं।इन गड्डों के कारण आए दिन वाहन फंस रहे हैं और दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। जितेंद्र सिंह ने बताया कि बीती रात जब वह अपने परिवार के साथ कार से लौट रहे थे, तो उनकी कार एक गड्ढे में फंस गई और पलटने की कगार पर आ गई थी। उन्होंने तत्काल परिवार के सदस्यों को कार से बाहर निकाला।जितेंद्र सिंह ने यह भी बताया कि नेशनल हाईवे बीना-खुरई की मुख्य सड़क पर भी एक बड़ा गड्डा खोदा गया है, जिसके कारण कई बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। इसके बावजूद संबंधित कंपनी इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रही है। वार्डवासियों का कहना है कि इन सड़कों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है, वाहन चलाना तो दूर की बात है। उन्होंने मांग की है कि योजना का क्रियान्वयन ठीक ढंग से किया जाए और सड़कों की तत्काल मरम्मत करवाई जाए, ताकि लोगों को प्रतिदिन होने वाली परेशानियों से निजात मिल सके।

## अगले 3 दिन में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें : कलेक्टर पाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिले में सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल निगम के कार्यों की कड़ी समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल जैसी बुनियादी आवश्यकता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पानी की समस्या से संबंधित सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों के निराकरण की सुस्त गति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में काम पूरा करने की चेतावनी दी है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने निर्देश दिए हैं कि जिले की पेयजल से जुड़ी सभी सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को अगले 3 दिनों के भीतर संतुष्टिपूर्ण तरीके से बंद कराया जाए। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सीधे तौर पर निर्देशित किया है कि तीन दिन की समयावधि बीत जाने के बाद, जिस भी क्षेत्र में शिकायतें लंबित पाई जाएंगी, वहां सीधे 'वन-टू-वन' (व्यक्तिगत रूप से) जवाबदेही तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में बंद पड़े पेयजल संसाधनों को तत्काल प्रभाव से चालू करने पर विशेष जोर दिया गया। जिले में जितने भी हैंडपंप वर्तमान में बंद स्थिति में हैं, उन्हें तत्काल मरम्मत कर चालू किया जाए। जो नल-जल योजनाएं बंद पड़ी हैं, उन्हें सुचारू करने के लिए बिजली संबंधी समस्याओं को तुरंत दूर किया जाए। प्रभावित और संवेदनशील स्पॉट्स पर पानी की आपूर्ति बहाल रखने के लिए तत्काल सिंगल फेज मोटर की व्यवस्था की जाए। पाइपलाइनों के आखिरी छोर पर कैपिंग की जाए ताकि प्रगतिरत योजनाएं भी चालू अवस्था में रहें, शेष कार्य समानांतर रूप से चालू रहे और पानी व्यर्थ न बहे। कलेक्टर ने जल निगम के अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि पाइपलाइन बिछाने या स्रोत में जहां भी गैप आ रहा है, उसका तुरंत मिलान कर समाधान निकालें।

कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान अधिकारियों से पूछा कि चल रही योजनाएं बंद क्यों हैं? और पेयजल स्त्रोतों के फेल होने की नौबत क्यों आई? उन्होंने नगर निगम को निर्देशित किया कि जहां भी पाइपलाइन बदलने की आवश्यकता है, वहां एमआईसी में तत्काल प्रस्ताव रखकर कार्य शुरू कराएं। साथ ही, पाइपलाइनों में होने वाले लीकेज को तुरंत रोककर दूषित पानी की समस्या का स्थाई समाधान किया जाए। पेयजल योजनाओं के सुचारू संचालन और हैंडओवर की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए कलेक्टर ने ग्रामीण विकास विभाग और पीएचई के इंजीनियर्स सागर और खुरई दोनों डिवीजनों की सभी पूर्ण एवं निर्माणाधीन योजनाओं का संयुक्त निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जो योजनाएं पूरी तरह से चालू हालत में हैं, उन्हें तत्काल ग्राम पंचायतों को हैंडओवर कराया जाए। इस पूरी प्रक्रिया और जमीनी हकीकत को जांचने के लिए जनपद सीईओ और कार्यपालन यंत्री पी एच ई खुद स्पॉट विजिट कर स्त्रोतों और परियोजनाओं का भौतिक सत्यापन करेंगे।

कलेक्टर ने तकनीकी अमले को जल संयंत्रों और नलकूपों की मोटरों को हमेशा सही स्थिति में रखने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने सभी सीएमओ को पाबंद किया है कि यदि कभी इंटेक वेल में पानी का स्तर कम होता है या पानी की कमी की स्थिति बनती है, तो इसकी सूचना समय रहते वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाए, ताकि आवश्यक प्रबंध किया जा सके।

## दूषित और मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों के विरुद्ध करें सख्त कार्यवाही

# खाद्य पदार्थों के प्रति जागरुकता के लिए सागर संभाग में आयोजित कराएं जागरुकता कार्यक्रमः कमिश्नर सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में दूषित और मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों लोगों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश सागर संभाग के सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा कि सागर संभाग के सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारी दूषित और मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय को प्रतिबंधित करने के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर अमानक और दूषित खाद्य पदार्थ बेचने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि मिलावटी और दूषित खाद्य पदार्थों के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के उद्देश्य से सागर में समय समय पर जागरुकता कार्यक्रम भी आयोजित कराएं। कमिश्नर ने उक्त निर्देश आज खाद्य एवं औषधि प्रशासन, नगरीय प्रशासन, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में कमिश्नर ने गेहूं उपार्जन कार्य की जिलेवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सागर संभाग के सभी गेहूं उपार्जन केन्द्रों से गेहूं का तेजी से उठाव कराएं तथा परिवहन कर भण्डारण केन्द्रों तक गेहूं पहुंचाएं। बैठक में कमिश्नर ने किसानों को गेहूं उपार्जन के भुगतान राशि की भी जिलेवार समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि किसानों को गेहूं उपार्जन के बाद राशि का भुगतान भी समय पर सुनिश्चित किया जाए।



बैठक में कमिश्नर ने नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का प्रभावी और परिणाम मूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि सागर संभाग में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचना चाहिए। इसके लिए सागर संभाग के सभी नगरीय निकाय तेजी से कार्य करें तथा इस अतिमहत्वपूर्ण योजना का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। बैठक में कमिश्नर ने नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा सागर संभाग के नगरीय क्षेत्रों में बनाए जा रहे शौचालयों के निर्माण की भी समीक्षा की गई तथा निर्देश दिए गए कि शौचालयों के निर्माण के लिए नगरीय क्षेत्रों में समुचित भूमि आवंटित कर शौचालयों का निर्माण तेजी से पूर्ण किया जाए।

बैठक में कमिश्नर ने नगरीय प्रशासन द्वारा संचालित अमृत धारा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, वन अधिकार अधिनियम के प्रकरणों की समीक्षा भी की गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास राकेश शुक्ला, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## महिलाओं ने सराफा दुकानदार का ध्यान भटकाया और पार कर दी चांदी की पायल, सीसीटीवी में कैद

**गढाकोटा**। सागर जिले के गढ़ाकोटा में अज्ञात महिला चोर गैंग के सक्रीय होने के बाद व्यापारियों की चिंताएं बढ़ गयी हैं। दरअसल एक सराफा दुकान में खरीदारी के नाम पर पहुंची तीन महिलाओं ने दिन दहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दिया। और पायल लेकर रफू चक्कर हो गयी। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें इस चोरी को साफ़ तौर पर देखा जा सकता है। दुकानदार का ध्यान भटकाकर महिलाएं चोरी करते हुए नज़र आ रही हैं। जिसके बाद सराफा व्यापारियों की चिंताएं बढ़ गयी हैं। बताया जा रहा है की गणेश टाकीज के पास राकेश सोनी कि दुकान में तीन महिलाएं सोने-चांदी की दुकान पर ग्राहक बनकर पहुंचीं और पायल देखने लगीं। इसी दौरान एक महिला चालाकी से दूसरी महिला को हटाते हुए सामने से निकलकर आगे बैठ जाती है। ताकि दुकानदार का ध्यान भटकाया जा सके। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है की दूसरी महिला मौके का फायदा उठाकर पायल के पैकेट को छिपाने की कोशिश करती है। वह उसे अपने पीछे रख देती है। जहां पीछे तरफ बैठी तीसरी महिला उस पायल पैकेट को उठाकर अपने थैले में रख लेती है। ये पूरा नज़ारा सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। जिसके बाद से व्यापारियों में डर और नाराजगी का माहौल है। दुकानदारों ने पुलिस से इन संदिग्ध महिलाओं को जल्द कार्रवाई कर आरोपियों की पहचान करने और गैंग को पकड़ने की मांग की है।वहीं व्यापारियों और आम लोगों से अपील की गई है कि ऐसे संदिग्ध लोगों से सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिलाओं की तलाश में जुटी हुई है।

## एसपी अनुराग सुजानिया ने किया खुरई थाने का औचक निरीक्षण, दस्तावेजों की जांच की

**खुरई**। सागर जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया ने खुरई शहर थाने का औचक निरीक्षण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस कप्तान के इस औचक निरीक्षण से थाना परिसर में हड़कंप का माहौल रहा।एसपी सुजानिया ने थाना परिसर, मालखाना, हवालात और कंप्यूटर कक्ष का बारीकी से निरीक्षण कर साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने अपराध रजिस्टर, मर्ग और लंबित मामलों से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों की गहन जांच की। उन्होंने लंबित अपराधों के त्वरित निराकरण और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान खुरई शहर थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह सहित थाने का समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। एसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार करने की हिदायत दी।



## तालाब पर श्रमदान के लिए जुटे लोग : घाटों से साफ किया कचरा, जल संरक्षण करने का लिया संकल्प

**खुरई** । खुरई में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशहरा पर पठारी रोड स्थित बड़े तालाब के मंदिर घाट पर स्वच्छता, श्रमदान और वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।सोमवार को नगर पालिका ने इस अभियान के तहत अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर श्रमदान किया। इसमें घाटों की सफाई, पॉलीथिन और कचरा हटाना शामिल था। साथ ही जल-संरचनाओं के किनारे वृक्षारोपण भी किया गया।सीएमओ राजेश मेहतेले ने बताया कि जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण संवर्धन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। गिरते भू-जल स्तर और बढ़ते जल संकट को देखते हुए पारंपरिक जल संरचनाओं का संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।उपयंत्री शैलेंद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि तालाब, कुएं, बावड़ियां और अन्य जल स्त्रोत हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। इन्हें संरक्षित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने 'जल गंगा संवर्धन अभियान' को केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन बताया।पार्षद कल्लू यादव ने लोगों से अपने आसपास के जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने की अपील की।

## तार वाले बाबा का सालाना उर्स कुल व फ़ातिहा के साथ संपन्न, रात भर चला कव्वालियों का दौर

**सागर**। सदर कैन्ट क्षेत्र के कमसरिया लाइन स्थित सर्व धर्म कौमी एकता के प्रतीक हज़रत असग़र अली चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह तार वाले बाबा के सालाना उर्स के अन्तिम दिन बाबा के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सालाना उर्स के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी, पूर्व विधायक सुनील जैन, युवा उद्योगपति कुलदीप सिंह राठौर, ट्रांसपोर्ट यूनियन अध्यक्ष अमित यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव, युवा भाजपा नेता पुष्पेंद्र सिंह मोकलपुर, समाज सेवी शाहिद पहलवान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सदर कैंट के अध्यक्ष पं.रवि उमाहिया, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अशरफ खान आदि अतिथिगणों नें फीता काटकर कव्वाली प्रोग्राम का उद्घाटन किया। तत्पश्चात सभी अतिथियों का उर्स कमेटी के द्वारा फूल मालाओं व साफा बांधकर स्वागत किया गया। तार वालें बाबा के उर्स कमेटी के समीर मकरानी नें बताया कि उर्स कार्यक्रम में हिंदुस्तान के मशहूर फनकार हाज़ी मुक़र्रम अली वारसी और मास्टर सोनू कब्बाल पार्टियों के बीच तमाम रात कव्वालियों और गजलों के शानदार मुकाबले में दोनों कब्बाल पार्टियों ने शानदार प्रस्तुति दी जिसे सुनने के लिए लोग रात भर उर्स के मैदान पर डटे रहे और जमकर झूमते रहे। दूर-दूर से आए लोगों ने बाबा की दरगाह में पहुंचकर मत्था टेका और फिर कव्वाली प्रोग्राम का आनंद लिया। उर्स के मौके पर की गई आकर्षक विद्युत सजावट आकर्षण का केंद्र रही। उर्स के अवसर पर बाबा की दरगाह पर कुल व फातिहा के साथ नाते पाक,सलाम पेश किया जाकर देश की एकता और अखण्डता, अमन, चैन की दुआ की गई एवं तबर्रुख प्रसादि का वितरण किया गया। मंच संचालन पूर्व पार्षद मुबीन मकरानी ने किया।

टीकमगढ़ सहित बुंदेलखंड के कई जिलों में रेड अलर्ट, 31 मई तक भीषण गर्मी रहने के आसार

# गर्मी का कहर: 46 डिग्री के पार पहुंचा पारा, लू के थपेड़ों से जनजीवन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़





बुंदेलखंड इन दिनों भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। नौतपा की शुरुआत के साथ ही टीकमगढ़ सहित आसपास के जिलों में तापमान लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। मंगलवार को टीकमगढ़ जिले में अधिकतम तापमान 45 से 46 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान करीब 33 डिग्री बना रहा। तेज धूप और तपती हवाओं ने आमजन का घर से निकलना मुश्किल कर दिया है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है और बाजारों में भी भीड़ कम दिखाई दे रही है।

मौसम विभाग ने टीकमगढ़ जिले में लू का रेड अलर्ट जारी किया है। विशेषज्ञों के अनुसार 28 मई तक गर्मी अपने भीषणतम रूप में बनी रहेगी। दोपहर के समय तापमान 46 डिग्री तक पहुंच सकता है और तेज गर्म हवाएं लोगों के लिए परेशानी का कारण बनेंगी। टीकमगढ़ के पड़ोसी जिलों में भी हालात कम गंभीर नहीं हैं। छतरपुर जिले के नौगांव और खजुराहो क्षेत्र में तापमान 46.4 से 46.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जो पूरे संभाग में सबसे अधिक माना जा रहा है। पन्ना जिले में भी पारा 45 से 46 डिग्री के बीच बना हुआ है और तीव्र लू का असर साफ दिखाई दे रहा है। निवाड़ी जिले में भी तापमान 45 डिग्री के पार रिकॉर्ड किया गया है। वहीं सागर जिले में तापमान 43 से 44 डिग्री के बीच बना हुआ है। दमोह जिले में अधिकतम तापमान 44 डिग्री के करीब पहुंचने से दोपहर में सड़कें सूनी नजर आ रही हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि 31 मई तक गर्मी का यह दौर जारी रहेगा। हालांकि 30 और 31 मई को पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव की संभावना जताई गई है। इन दिनों आंशिक बादल छाने, गरज-चमक के साथ हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने के आसार हैं, जिससे तापमान में 2 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है और लोगों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, एसपी मनोहर सिंह मंडलोई एवं जिला प्रशासन द्वारा लोगों से सावधानी बरतने की निरंतर अपील की जा रही है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच बेहद जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी है। अधिकारियों ने कहा है कि बाहर निकलते समय सिर को सूती कपड़े या गमछे से ढकें तथा लगातार पानी, नींबू पानी या छाछ का सेवन करते रहें ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। स्वास्थ्य विभाग ने चेतावनी देते हुए बताया कि अत्यधिक गर्मी और लू का असर स्वास्थ्य, खेती और पशुधन पर गंभीर रूप से पड़ रहा है। तेज गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी, हीट स्ट्रोक, चक्कर आना, तेज सिरदर्द, उल्टी और बेहोशी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। धूप के कारण सनबर्न, घमौरियां और त्वचा पर लाल चकत्ते पड़ने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। विभाग ने यह भी बताया कि भीषण तापमान का असर खेती और पशुपालन पर भी पड़ रहा है। तेज गर्मी से फसलें और सब्जियां सूखने लगी हैं, जबकि दुधारू पशुओं के दूध उत्पादन में कमी आ रही है। अत्यधिक गर्मी और सूखे के कारण खेतों, जंगलों और ट्रांसफार्मरों में आग लगने का खतरा भी बढ़ गया है। डॉक्टरों ने बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि धूप में निकलने से पहले खाली पेट न रहें और पर्याप्त पानी पीकर ही बाहर जाएं। दूषित भोजन और कटे हुए फलों से बचने की भी सलाह दी गई है, क्योंकि गर्मी में फूड पॉइजनिंग और डायरिया का खतरा बढ़ जाता है। लोगों को ओआरएस घोल, नींबू पानी, छाछ, आम का पना, लस्सी, नारियल पानी और सत्तू जैसे पारंपरिक पेयों का सेवन करने की सलाह दी गई है। हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने, धूप का चश्मा और छाते का उपयोग करने तथा घर से बाहर निकलते समय पानी की बोतल साथ रखने की अपील भी प्रशासन ने की है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि यदि किसी व्यक्ति में तेज बुखार, बेहोशी या लू लगने जैसे लक्षण दिखाई दें तो उसे तुरंत छायादार स्थान पर ले जाकर शरीर को ठंडे पानी या गीले कपड़े से ठंडा करें और तत्काल नजदीकी अस्पताल या डॉक्टर से संपर्क करें।

सैपुरा में ट्रैक्टर-ट्रॉली व सुंदरपुर में डंपर पकड़ा

## अवैध खनिज परिवहन पर प्रशासन ने फिर से कसा शिकंजा




**टीकमगढ़।** जिले में अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई लगातार जारी है। पलेरा थाना क्षेत्र के सैपुरा गांव में अवैध रूप से रेत परिवहन करते एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया, वहीं बड़ागांव धसान क्षेत्र के सुंदरपुर गांव में बिना रॉयल्टी डस्ट परिवहन करते हुए एक डंपर जब्त किया गया। दोनों मामलों में संबंधित वाहनों को पुलिस के सुपुर्द कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार पलेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सैपुरा गांव में रेत कंपनी की टीम ने निगरानी के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को संदिग्ध अवस्था में रेत परिवहन करते हुए रोका। जांच के दौरान वाहन चालक आवश्यक दस्तावेज और रॉयल्टी पर्ची प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद टीम ने वाहन को कब्जे में लेकर पलेरा पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन और बिना अनुमति परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। इसी के चलते रेत कंपनी और संबंधित विभाग द्वारा निगरानी बढ़ाई गई थी। कार्रवाई के दौरान पकड़े गए वाहन के चालक से पुलिस रेत परिवहन से संबंधित दस्तावेजों और स्रोत के बारे में पूछताछ कर रही है। इधर बड़ागांव धसान क्षेत्र के सुंदरपुर गांव में खनिज विभाग की टीम ने डस्ट से भरे एक डंपर को पकड़ा। बताया गया कि डंपर द्वारा बिना रॉयल्टी डस्ट का परिवहन किया जा रहा था। डस्ट सुंदरपुर से बड़ागांव की ओर ले जाई जा रही थी। जांच में दस्तावेज नहीं मिलने पर खनिज विभाग ने वाहन को जब्त कर बड़ागांव पुलिस के सुपुर्द कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन की गतिविधियां संचालित हो रही हैं, जिससे शासन को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से ऐसे मामलों में लगातार सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

विधायक हरिशंकर खटीक ने किया शुभारंभ, बोले- लोगों की सुविधा प्रशासन की प्राथमिकता

## कलेक्ट्रेट में शुरू हुआ जन सुविधा केन्द्र,आमजन को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न कार्यों से आने वाले नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जन सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर सुविधा केन्द्र का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रीय सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### बैठने की समुचित व्यवस्था की गई

शुभारंभ अवसर पर विधायक हरिशंकर खटीक ने कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोग विभिन्न शासकीय कार्यों के लिए आते हैं। ऐसे में नागरिकों को बैठने एवं इंतजार करने के लिए व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराना आवश्यक था। इसी उद्देश्य से जन सुविधा केन्द्र की शुरुआत की गई है, ताकि आमजन को परेशानियों का सामना न करना पड़े और उन्हें बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि लोगों को वास्तविक सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है। यह सुविधा केन्द्र आम नागरिकों के लिए राहत का माध्यम बनेगा। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि यह जन सुविधा केन्द्र विधायक निधि से प्राप्त राशि के माध्यम से तैयार कराया गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र में आमजन के बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे दूर-दराज से आने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी। कलेक्ट्रेट परिसर में शुरू हुए इस जन सुविधा केन्द्र से अब लोगों को धूप और गर्मी में खड़े रहने की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। उद्घाटन के दौरान मौजूद लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित का महत्वपूर्ण कदम बताया।



## सैनिकों के सम्मान में लक्ष्य से अधिक राशि जुटाने पर कलेक्टर सम्मानित

**टीकमगढ़।** देश की रक्षा में समर्पित सैनिकों और उनके परिवारों के सम्मान एवं कल्याण के लिए किए गए उत्कृष्ट प्रयासों के चलते टीकमगढ़ जिले को प्रदेश स्तर पर गौरव हासिल हुआ है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य से अधिक अनुदान राशि एकत्रित करने पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल मांगूभाई पटेल द्वारा टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को प्रशंसा पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल जिला प्रशासन की सक्रियता का प्रतीक माना जा रहा है, बल्कि सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों के प्रति जिले की संवेदनशीलता एवं जनसहभागिता को भी दर्शाता है। सम्मान प्राप्त होने पर जिले में खुशी और गर्व का माहौल देखा गया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश कुमार सिंह सेवानिवृत्त ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को प्रशंसा पत्र एवं ट्रॉफी भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सैनिक कल्याण से जुड़े कार्यों में प्रशासनिक सहयोग और समाज की भागीदारी की सराहना भी की गई। उल्लेखनीय है कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के माध्यम से एकत्रित होने वाली अनुदान राशि का उपयोग भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, सैनिक विधवाओं एवं उनके आश्रित परिवारों के कल्याण के लिए किया जाता है। इस निधि से पुनर्वास, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं तथा आर्थिक सहायता जैसी विभिन्न योजनाएं संचालित की जाती हैं, जिससे सैनिक परिवारों को संबल मिलता है। जिला प्रशासन एवं जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ने जिलेवासियों, शासकीय विभागों और सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज का यह सहयोग देश की सुरक्षा में अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले सैनिकों के सम्मान के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी और कृतज्ञता को दर्शाता है।

प्रदेश में सातवीं बार सीएम हेल्पलाइन में रहे नंबर-1

## एसपी मंडलोई की मॉनिटरिंग में लगातार सुपरहिट साबित हो रही पुलिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

आमजन की समस्याओं के त्वरित और संवेदनशील समाधान को प्राथमिकता बनाकर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की मॉनिटरिंग में कार्य कर रही जिला पुलिस ने स्वयं को सुपरहिट साबित करते हुये प्रदेश स्तर पर एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। मई माह की राज्य स्तरीय सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में समूह ए श्रेणी के अंतर्गत जिला पुलिस ने लगातार सातवीं बार प्रथम स्थान हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

यह सफलता पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में जिले की पुलिस टीम द्वारा अपनाई गई अनुशासित कार्यप्रणाली, सतत मॉनिटरिंग और शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण का परिणाम मानी जा रही है। लगातार सातवीं बार प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त करने के बाद टीकमगढ़ पुलिस की कार्यशैली की प्रदेशभर में चर्चा हो रही है। जानकारी के अनुसार जिले में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण को लेकर विशेष मॉनिटरिंग व्यवस्था लागू की गई थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिदिन लंबित शिकायतों की समीक्षा कर थाना एवं चौकी प्रभारियों को समयसीमा के भीतर संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाते रहे। शिकायतों के प्रति इसी गंभीरता और जवाबदेही ने टीकमगढ़ पुलिस को प्रदेश में अलग पहचान दिलाई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आमजन की शिकायतों को केवल औपचारिकता न मानते हुए संवेदनशीलता के साथ उनका समाधान करने पर विशेष ध्यान दिया गया। शिकायतकर्ता को त्वरित राहत मिले और उसे बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इस दिशा में लगातार प्रयास किए गए। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में 25 मई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। इस दौरान केक काटकर सफलता का उत्सव मनाया गया और पुलिस टीम का उत्साहवर्धन किया गया। केवल जिला मुख्यालय ही नहीं, बल्कि जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी स्तर पर भी इस उपलब्धि को उत्साहपूर्वक साझा किया गया। पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने टीकमगढ़ पुलिस की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए टीम को बधाई दी। इस अवसर पर एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि जनता की समस्याओं का संवेदनशील और समयबद्ध समाधान ही पुलिस की वास्तविक पहचान है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरी टीम की मेहनत, अनुशासन और जनसेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है।

उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता के साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया। एसपी मंडलोई ने कहा कि जिला पुलिस आगे भी आमजन के विश्वास पर खरा उतरने और बेहतर पुलिसिंग के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी।

## आंगनबाड़ी समर कैंप मेले में बच्चों ने खेल-खेल में सीखी गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

बच्चों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मक प्रतिभा को निखारने और गर्मी की छुट्टियों को आनंदमय बनाने के उद्देश्य से आंगनवाड़ी केंद्र वार्ड क्रमांक 27-ई में समर कैंप मेला 2026 के प्रथम मेले का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। मेले में बच्चों ने विभिन्न खेल, मनोरंजक गतिविधियों और रचनात्मक आयोजनों में भाग लेकर खुशी और उत्साह के साथ समय बिताया।


समर कैंप मेले के दौरान बच्चों के लिए कई प्रकार के मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक खेल आयोजित किए गए। खेल-खेल में बच्चों को अनुशासन, सामूहिक सहभागिता, रचनात्मक सोच और आत्मविश्वास बढ़ाने के संदेश दिए गए। रंग-बिरंगी गतिविधियों और बच्चों की खिलखिलाहट से पूरा आंगनवाड़ी परिसर जीवंत नजर आया।

**वार्ड क्रमांक 27-ई में हुआ रचनात्मकता, उत्साह और संस्कार की शिक्षा का आयोजन**

कार्यक्रम में वरिष्ठजनों और समाजसेवियों की भी विशेष सहभागिता रही। मातृ शक्ति संगठन की अध्यक्ष श्रद्धा सिंह चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना जरूरी है, जिससे उनका व्यक्तित्व निखरता है। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व नगर मंडल उपाध्यक्ष आनंद कुशवाहा ने भी बच्चों के साथ समय बिताया और समर कैंप के आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के प्रारंभिक विकास की मजबूत नींव हैं और इस प्रकार के आयोजन बच्चों में नई ऊर्जा और सीखने की रुचि पैदा करते हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीना यादव एवं सहायिका संध्या प्रजापति ने बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में शामिल कर उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि समर कैंप के माध्यम से बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य और संस्कारों से जुड़ी जानकारियां भी दी जा रही हैं। आने वाले दिनों में भी बच्चों के लिए कई रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे उनकी प्रतिभा को मंच मिल सके।

## समर कैंप रेडीनेस मेले में निखरी नन्हे बच्चों की प्रतिभा, खेल-खेल में सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा



महिला एवं बाल विकास विभाग की पलेरा परियोजना अंतर्गत आलमपुर सेक्टर में आयोजित समर कैंप रेडीनेस मेला 2026 बच्चों की प्रतिभा, रचनात्मकता और प्रारंभिक शिक्षा के प्रति जागरूकता का आकर्षक मंच बनकर उभरा। ग्रामीण परिवेश में आयोजित इस विशेष मेले में बच्चों ने खेल, चित्रकला, सांस्कृतिक गतिविधियों और शैक्षणिक आयोजनों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी उदल सिंह एवं सीडीपीओ प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में पर्यवेक्षक एवं सेक्टर प्रभारी कु. अदिति तिवारी द्वारा कराया गया। मेले का उद्देश्य 5 से 6 वर्ष के बच्चों के सर्वांगीण विकास, प्रारंभिक शिक्षा के लिए उनकी तैयारी तथा अभिभावकों को बाल विकास के प्रति जागरूक करना रहा। विशेष बात यह रही कि हाल ही में पर्यवेक्षक पद का कार्यभार संभालने वाली कु. अदिति तिवारी ने क्षेत्र में शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों को लेकर सक्रिय पहल शुरू की है। उनके प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला।


मेले में जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, प्रथम फाउंडेशन की टीम, एनजीओ पार्टनर्स, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण अभिभावक उपस्थित रहे। आयोजन का मुख्य केंद्र उन बच्चों को बनाया गया जो आगामी सत्र में आंगनवाड़ी से कक्षा 1 में प्रवेश लेने वाले हैं। अभिभावकों को बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा, व्यवहारिक विकास और सीखने की प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, खेलकूद गतिविधियां, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं मनोरंजक शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की गईं। बच्चों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लेकर सभी का मन मोह लिया। इसके साथ ही बच्चों के शारीरिक, भाषाई, गणितीय, सामाजिक, भावनात्मक और बौद्धिक विकास का परीक्षण भी किया गया। विभागीय टीम द्वारा प्रत्येक बच्चे का मूल्यांकन कर रिपोर्ट कार्ड तैयार किया गया, जिससे अभिभावकों को बच्चों की क्षमताओं और सुधार की जरूरतों की जानकारी मिल सके। पर्यवेक्षक कु. अदिति तिवारी ने बताया कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के लिए मानसिक रूप से तैयार किया जाता है।

पानीदार नेता केके श्रीवास्तव पहुंचे बरीघाट जल संयंत्र

## 'आप लोग भी आएं साथ, पानीदार तो मैदान में है ही'

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और संभावित जलसंकट को लेकर पूर्व विधायक एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष केके श्रीवास्तव ने बरीघाट जल संयंत्र का दौरा कर पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया। अपने नगर पालिका अध्यक्ष कार्यकाल के दौरान भीषण जलसंकट के समय जामनी नदी की सूखी रेत से पानी निकालकर शहर तक पेयजल पहुंचाने के लिये पानीदार के रूप में चर्चित होने बाले केके श्रीवास्तव एक बार फिर जल संकट को लेकर सक्रिय नजर आए।

बरीघाट जल संयंत्र पहुंचकर पूर्व विधायक व पूर्व नपाध्यक्ष केके श्रीवास्तव ने पानी के ट्रीटमेंट प्लांट और शहर की पेयजल सप्लाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा कि टीकमगढ़ में आने वाले दिनों में गंभीर जलसंकट की स्थिति बन सकती है, क्योंकि बरीघाट में अब केवल कुछ दिनों का ही पानी बचा हुआ है। उन्होंने कहा कि जैसे ही उन्हें जलस्तर कम होने की जानकारी मिली, वह अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और पूरे हालात का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मानसून आने में अभी एक माह से अधिक का समय बाकी है और क्षेत्र में गर्मी लगातार बढ़ रही है, ऐसे में पानी का संकट और गहरा सकता है।

पूर्व विधायक श्रीवास्तव ने जिला प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि शहर की पेयजल सप्लाई लाइन में कई स्थानों पर लीकेज हैं, जिन्हें तत्काल ठीक किया जाना चाहिए ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश क्षेत्र के कुछ किसानों द्वारा जामनी नदी के पानी से लगभग 160 हेक्टेयर क्षेत्र में मूंग की खेती की जा रही है, जिससे नदी के जलस्तर पर असर पड़ रहा है। ऐसे समय में प्राथमिकता पेयजल को दी जानी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि किसानों से सिंचाई के लिये नदी के पानी का उपयोग रोकने की अपील की जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन को कठोर कदम भी उठाने चाहिए। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि नगर में वैकल्पिक जल स्रोतों को भी चिह्नित कर पेयजल व्यवस्था को मजबूत बनाया जाए। पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने कहा कि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को ललितपुर जिला प्रशासन से कलेक्टर टू कलेक्टर स्तर पर चर्चा कर जामनी नदी में पानी छोड़े जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने इसे गंभीर चिंता का विषय बताते हुए कहा कि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो शहर में पेयजल संकट गहरा सकता है। उन्होंने नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों को भी नसीहत देते हुए कहा कि अब समय नगर के विकास के साथ-साथ पेयजल व्यवस्था पर गंभीरता से ध्यान देने का है। उन्होंने कहा कि जल संकट केवल प्रशासन का नहीं बल्कि पूरे समाज का विषय है और सभी को मैदान में उतरकर जिम्मेदारी निभानी होगी। अंत में पूर्व विधायक व नपाध्यक्ष केके श्रीवास्तव ने जनहित में अपना संदेश देते हुये कहा कि हमको और आपको मैदान में आना होगाङ्घ पानीदार तो मैदान में है।

### एकता परिषद ने आदिवासियों के साथ पनवाडा में की महापंचायत, इधर श्योपुर में जाट समाज ने घेरी कलेक्ट्रेट

# पनवाडा हत्याकांड के बाद हो रही कार्रवाई को लेकर गरमाई राजनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कराहल विकासखंड के पनवाडा गांव में गंगाराम आदिवासी की हत्या के बाद अब राजनीति गरमागई है। इस मामले में आदिवासियों का समर्थन करते हुए जहां एकता परिषद ने मंगलवार को पनवाडा गांव में महा पंचायत कर प्रशासन पर आदिवासियों की अनदेखी का आरोप लगाया है वहीं जाट समाज ने श्योपुर में कलेक्ट्रेट का घेराव कर राजनीतिक दवाब में जाट समाज के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को रोकने की मांग की है।

कलेक्ट्रेट का घेराव किए जाने के बाद कलेक्टर को सोपे ज्ञापन में जाट समाज ने उल्लेख किया है कि कराहल थाना क्षेत्र के ग्राम पनवाड़ा में घटित दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद इस मामले में एकतरफा और राजनितिक दबाव से कार्यवाही की जा रही है जिससे क्षेत्र में गहरा रोष और असुरक्षा की भावना व्याप्त है। न्यायालय के आदेश से राजस्व विभाग टीम द्वारा सीमांकन किया जा चुका है। इसके बावजूद स्थानीय आदिवासियों द्वारा उक्त निजी भूमि पर जबरन



अवैध कब्जा करने की नीयत से वहा काम कर रहे लोगों को रोका गया, जमीन पर अवैध कब्जा करने की नियत से भारी संख्या में आदिवासी समुदाय के शस्त्र धारी लोगो ने इक्कट्ठा होकर हमला किया गया और जगवीर सिंह उनकी पत्नी पतासी देवी एंव नाती वंश जाट को घेर कर मारने का प्रयास किया जो बडी मुश्किल से जान बचाकर थाना कराहल पहुंचे जिसपर से उनकी कोई रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की गई और भीड़ के द्वारा उनको थाने में घुसकर थाने मारने का प्रयास किया गया.एफआईआर में भी ऐसे व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिये गये है। जो ना तो घटना स्थल पर मोजूद थे और न ही उनका इस सम्पूर्ण घटना से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संबंध है यह केवल परिवार के लोगो को प्रताड़ित करने और विवादित भूमि पर अवैध कब्जा करने की नियत से निर्दोष फसाया गया हैं। इस पूरे घटनाक्रम की किसी वरिष्ठ अधिकारी (सीट) या उच्च स्तरीय प्रशासनिक टीम से निष्पक्ष जांच कराई जाए और निर्दोष लोगों के नाम एफआईआर से पृथक किए जाएं। भीड़ द्वारा थाने का घेराव कर दंगा भड़काने और शासकीय संपति को नुकसान पहुंचाने के मामले में विधायक मुकेश मल्होत्रा एंव अन्य पर एफआईआर दर्ज की जाए. ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचने वालों में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र जाट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, बीजेपी नेता गिर्राज जाट सहित बड़ी संख्या में जाट समाज के लोग मौजूद थे। जाट समाज ने कलेक्टर के अलावा एसपी सुधीर अग्रवाल को भी ज्ञापन सौपा।



#### आदिवासियों के प्रति संवेदनशील हो प्रशासनः तोमर

मंगलवार को पनवाडा गांव में हुई महापंचायत में एकता परिषद के संयोजक रामदत्त सिंह तोमर ने कहा कि एकता परिषद वर्षो से आदिवासियों के हक अधिकारों को दिलाने और जल,जंगल और जमीन के मुद्दों पर अधिकार दिलाने हेतु लड़ाई लड़ने का काम कर रही है. ये लड़ाई जारी रहेगी. उन्होंने कहा कि श्योपुर जिले में आदिवासियों को उनके स्वामित्व की भूमि पर दबंगों द्वारा जो अवैध कब्जा किया है उसकी सर्वे कर 504 आदिवासियों के स्वामित्व की भूमि पर दबंगो का अवैध कब्जा होना पाया गया था जिसकी सूची आवेदन के साथ जिला प्रशासन से लेकर प्रमुख सचिव राजस्व विभाग तक भेजी गई है लेकिन जिला प्रशासन के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदारों को कई बार पत्र जारी किए गए लेकिन यह कार्यवाही पत्रों तक ही सिमट के रह गई है श्योपुर जिला प्रशासन आदिवासियों के प्रति संवेदनशील नहीं है जिसका जीता जागता उदाहरण कराहल क्षेत्र के ग्राम पनवाडा में गंगाराम आदिवासी की हुई हत्या है। दबंग उसके स्वामित्व की भूमि पर कब्जा बनाए हुए हैं इससे पूर्व में भी कई बार दबंगो के द्वारा आदिवासियों की भूमि पर जबरन अवैध कब्जा कर मारपीट की घटनाएं होती रही हैं और एकता परिषद के द्वारा एक के बाद एक कई कलेक्टर बदल गए जिले में सभी कलेक्टरों को आवेदन दिए गए लेकिन उसकी अभी तक अनदेखी ही की गई. महा पंचायत में मृतक के परिवार को सहायता राशि देने, आश्रित को सरकारी नौकरी देने, आदिवासियों की जमीन से गैर आदिवासियों के कब्जे हटाने की मांग की गई ।

### सामान्य वन मंडल के श्योपुर रेंज अमले की कार्रवाई,आरोपी को भेजा जेल

# वन्य जीव तस्करी मामले में सालभर से फरार आरोपी को शिवपुरी से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

वन्य जीव तस्करी मामले में सालभर से फरार चल रहे एक आरोपी को सामान्य वन मंडल के श्योपुर रेंज अमले ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर शिवपुरी जिले के ग्वालियर बायपास चैराहे से पकड लिया। जिसे श्योपुर लाकर न्यायालय में पेश कर दिया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

श्योपुर वन परिक्षेत्र अधिकारी राघवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि मार्च 2025 में चीतल और सांभर के सींगों की खरीद-फरोख्त के मामले में पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। इस मामले में ऋषिकेश मीना और उसकी महिला मित्र सखी आदिवासी को श्योपुर बस स्टैंड क्षेत्र से पकड़ा गया था। लेकिन मामले में शामिल तीन आरोपी फरार हो गए थे। इनमें से एक फरार आरोपी रामवीर आदिवासी निवासी उमरी थाना अगरा को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की गई है। अभी इस मामले के दो आरोपी फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश लगातार जारी है। डीएफओ श्योपुर केएस रंधा के




निर्देशन में हुई इस कार्रवाई के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी श्योपुर राघवेंद्र सिंह भदौरिया के अलावा वन चौकी प्रभारी ढेगदा नंदकुमार तिवार , वन रक्षक संतोष परमार, निशांत शर्मा और अरविंद बाथम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# कलेक्टर को अवगत कराया, तब दूर हुई आधार केन्द्र पर प्रिंटर खराबी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

जिला मुख्यालय स्थित पोस्ट ऑफिस में संचालित हो रहे आधार कार्ड केन्द्र पर बनी प्रिंटर खराबी और पंखे न होने की समस्या जब भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने कलेक्टर शीला दाहिमा को बताई, तब जाकर आधार केन्द्र पर प्रिंटर खराबी की समस्या दूर होने के साथही बंद पडे पंखे भी चालू हो गए। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने बताया कि पोस्ट आफिस कार्यालय में शासन के निर्देश पर आधार कार्ड केन्द्र संचालित हो रहा है। मंगलवार को इस आधार केंन्द्र पर पहुंचे लोगो ने मुझे प्रिंटर खराब होने और भीषण गर्मी पडने के बाद भी पंखे चालू न होने जैसी कई समस्याए बताई। इसके बाद मैने तत्काल इस समस्याओ के संबंध में कलेक्टर शीला दाहिमा को अवगत कराया, जिसके बाद आधार कार्ड केन्द्र पर प्रिंटर खराबी दूर होने के साथही पंखे चालू हो गए। आधार कार्ड केन्द्र पर



पहुंचकर पोस्ट ऑफिस के मुख्य हेड राजकुमार तोमर से इस संबंध में चर्चा करते हुए आग्रह किया है कि भीषण गर्मी को देखते हुए आधार कार्ड केन्द्र का संचालन सुबह 8 बजे से किए जाने, ठंडे पानी और हवा की सुविधा के साथ यहां लोगो के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था की जाए और इस आधार कार्ड केन्द्र का संचालन नियमित रूप से जारी रखा जाए। ताकि आधार कार्ड की समस्या को लेकर आने वाले लोगो को असुविधा न उठानी पडे।

# शक्तिदल ने मनाया स्थापना दिवस घोषित की नवीन कार्यकारिणी




हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

हिंदू संगठन शक्तिदल ने सोमवार को अपना स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए संगठन की नवीन कार्यकारिण की घोषणा भी कर दी है। शक्ति दल संस्थापक श्याम सिंह मीणा ने बताया कि सर्वसम्मति से घोषित की गई नवीन कार्यकारिणी में शक्तिदल प्रमुख भूपेंद्र सिंह गोड़, विभाग प्रमुख हनुमान मीणा जैदा,विभाग सह प्रमुख जीतू वैष्णव,विभाग रक्षा प्रमुख जुगल जांगिड़, विभाग मीडिया प्रमुख गुड्डू मीणा, जिला प्रमुख विक्की राठौर,

जिला सह प्रमुख प्रदीप वर्मा, जिला मीडिया प्रमुख महावीर काचरमोली, नगर प्रमुख सुनील मीणा, नगर सह प्रमुख अजय शिवहरे, नगर रक्षा प्रमुख अर्जुन मीणा, नगर सूचना प्रमुख उमेश कुशवाहा को नवीन दायित्व प्रदान किया गया। मुकेश मीणा के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में शंकर गुर्जर, रामकरण मीणा, राजबहादुर मारू नरेंद्र जांगिड़, लोकेंद वैष्णव, हेमंत गौड़, विष्णु राठौर, ओम प्रकाश शिवहरे, राहुल गौड़, निर्जन गौड़, अजय पांचाल, बलराम राठौड़, उम्मेद जादोन आदि भी मौजूद रहे।

# जाट छात्रावास में भागवत कथा 29 से

श्योपुर। शहर के पाली रोड क्षेत्र स्थित जाट छात्रावास में 29 मई से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन शुरू होने जा रहा है। कथा की शुरूआत कलश यात्रा के साथ होगी। गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा वार्ड क्रमांक 10 स्थित श्री रामजानकी मंदिर से आरंभ होगी।

कथा यजमान सेवा निवृत्त पटवारी राधेश्याम वर्मा ढोढर वालों ने बताया कि कथा वाचन श्रीवृंदावनधाम से पधार रहे आचार्य सुरेन्द्र महाराज के द्वारा अपनी मधुरवाणी से किया जाएगा। 29 मई को कलश यात्रा के साथ आरंभ होने वाली श्रीमद भागवत कथा में 30 मई को शुकदेवजी का जन्म, राजा परीक्षित को कथा सुनाना, 31 मई को सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र, नर सिंह अवतार, प्रहलाद चरित्र, 1 जून को राम अवतार, कृष्ण जन्म प्रसंग,2 जून को गोवर्धन पूजा,3 जून को महारास, कंश वध, रूकमणि विवाह, 4 जून को विवाहो का वर्णन, सुदामा चरित्र का प्रसंग का वर्णन किया जाएगा। कथा का समय दोपहर एक बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। इस श्रीमद भागवत कथा का विश्राम 4 जून गुरूवार को होगा। जबकि समापन 5 जून शुक्रवार को विधिवत पूर्णाहुति और भंडारे के साथ किया जाएगा।

# जैन समाज ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विगत दिनों रीवा में बिहार (पदयात्रा) करते हुए गंतव्य को पहुंच रहे महिला जैन मुनि की कार दुर्घटना में मौत के बाद जैन समाज ने श्योपुर में भी मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर जैन मुनियों को सुरक्षा प्रदान करने एवं दुर्घटना की सीसीटीवी फुटेज से जांच करने की मांग की है ताकि किसी तरह के षड्यंत्र को बेनकाब किया जा सके.

डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को सोपे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि समस्त जैन समाज अत्यन्त दुख एंव गहरी वेदना के साथ आपका ध्यान हाल ही मे विहाररत पूज्य आर्यिका माताजी के साथ हुई अत्यन्त दुखद घटना की ओर आकर्षित करना चाहता है जिसमें संघ की पूज्य आर्यिकाओं का असामयिक निधन हो गया. यह घटना केवल एक सामान्य सडक दुर्घटना प्रतीत नही होती। उपलब्ध तथ्यों वीडियो क्लिपों एंव परिस्थितियों के आधार पर समाज मे गहरी आशंका एंव चिंता का वातावरण निर्मित हुआ है। इस सम्पूर्ण प्रकरण की निष्पक्ष पारदर्शी एंव उच्चस्तरीय जॉच अत्यन्त आवश्यक है। साथ ही जैन साधू-संत जो निहत्थे अहिंसक एंव पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते है को सुरक्षा प्रदान की जाए.

# पति के साथ बाइक पर सवार होकर जा रही महिला से झपट्टा मार छीना मंगलसूत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

गसवानी थाना क्षेत्र में पति के साथ बाइक पर सवार होकर जा रही महिला के गले से मंगलसूत्र मुंह बांधकर आए तीन बदमाशो के द्वारा झपट्टा मारकर छीन ले जाने का मामला सामने आया है। फिलहाल तीनो बदमाशों का कोई सुराग नहीं है,लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। ग्राम गसवानी निवासी मनोज कुशवाह ने गसवानी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि सोमवार की शाम को वह पत्नी सीमा कुशवाह और बच्चों के साथ ग्राम खैरारा में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से जा रहा था। तभी सिद्ध खो स्थान के पहले मेरी बाइक के पास लालरंग की बाइक पर सवार होकर आए मुंह बांधे तीन बदमाश आए। जिन्होने मुझसे कहा कि बाइक सही ढंग से चला, तो फिर मैने बाइक रोक दी, इस दौरान बाइक पर उतरे बदमाश मेरी पत्नी के गले से तीन ग्राम वजनी सोने का मंगलूसत्र छीन ले गए और फिर बाइक पर बैठकर भाग गए। तीनो बदमाशो की उम्र करीब 25 से 30 साल के बीच बताई गई है। एसडीओपी विजयपुर राघवेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि इस मामले में मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी गई है।

### लूंड गांव में 10.61 लाख की राशि से बनेगा स्कूल भवन, राशि जारी

# अतिक्रमण हटाने के साथ ही सीमांकन और नामांतरण मामलों का निराकरण करें:शीला



श्योपुर। मंगलवार को जनसुनवाई करते हुए कलेक्टर शीला दाहिमा ने 322 आवेदको की समस्या सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश दिए। राजस्व संबंधी समस्या आने पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि भूमि संबंधी विवादों का निराकरण करें तथा अतिक्रमण सहित जमीन पर कब्जा करने के मामलो में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सीमांकन, नामांतरण एवं बंटवारे के प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जायें। जनसुनवाई में जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेन्द्र मीणा सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा लूंड गांव में स्कूल भवन निर्माण कराने की मांग को लेकर आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर शीला दाहिमा ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत लूंड में प्राथमिक विद्यालय के लिए शासन द्वारा नवीन भवन के निर्माण के लिए 10 लाख 61 हजार रूपये की राशि स्वीकृत कर दी गई है, जिसे डीपीसी द्वारा क्रियान्वयन एजेंसी स्कूल मैनेजमेंट कमेटी को भेज दिया गया है। उन्होंने डीपीसी को निर्देश दिये कि उक्त भवन का निर्माण तत्काल शुरू किया जायें। कलेक्टर को जनसुनवाई के दौरान बालक के दादा नेतराम बैरवा ने बताया कि उसके पुत्र स्व. गिर्राज बैरवा की मृत्यु हो गई है तथा बहु स्व. पिंकी बैरवा की भी मृत्यु हो गई है। उनका 6 साल का पुत्र है, जिसकी देखभाल उनके द्वारा की जा रही है। इस पर कलेक्टर ने निर्देश दिये कि बालक के गार्जियन नियुक्त करने की कार्यवाही महिला बाल विकास विभाग द्वारा की जायें और बालक को स्पॉन्सरशिप योजना के तहत 4 हजार रूपये की मासिक राशि उपलब्ध कराई जायें, इसके साथ ही पिता स्व. गिर्राज बैरवा की सामान्य मृत्यु के लिए मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत 2 लाख रूपये की अनुग्रह राशि प्रदान किये जाने हेतु प्रक्रिया पूर्ण की जायें।

### चक सीताराम गांव में महिला की मौत से उठा सवाल,अब कैसे होगी दोनों बेटियों की परवरिश

# हे भगवान.. ये तूने क्या किया, बड़ी मुश्किल से इकलौते बेटे के लिए ला पाया बहू, वह भी छीन ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

जिले की वीरपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चक सीताराम में सोमवार को जंगल से तेंदूपत्ता तोडकर घर लौटी नव विवाहिता की अचानक खून की उल्टी होने के बाद मौत हो गई। नव विवाहिता की अचानक हुई मौत से पूरा गांव हतप्रद है। वहीं मजदूरी करके परिवार की गाडी चला रहे घर के लोगो के सारे सपने कांच की तरह टूटकर बिखर गए। इसके साथही यह सवाल भी खडा हो गया है कि अब घर का वंश आगे कैसे बढेगा, मृतक नव विवाहिता की दो मासूम बेटियों की अच्छे से परवरिश कैसे होगी उनकी पढाई लिखाई कैसे होगी। यही सब सोचकर घर का मुखिया 65 वर्षीय वृद्ध कन्हैया लाल कढेरा दुखी हो रहा है और मन ही मन भगवान से कह रहा है कि हे भगवान ये तूने क्या कर दिया, बडी मुश्किल से तो इकलौते बेटे के लिए बहू लेकर आया, लेकिन वह भी तूने छीन ली।

दरअसल चकसीताराम निवासी वृद्ध कन्हैयालाल कढेरा का मेहनत मजदूरी से ही चल रहा है। उसके घर में सिर्फ उसका इकलौता बेटा राहुल और बहू बालि तथा दो पोतियां है। वृद्ध कन्हैया और उसकी बहू बालि रोज की तडके पांच बजे उठकर जंगल में जाते और वहां से तेंदूपत्ता तोडकर लाते। उससे ही उनकी घर की गाडी चल रही थी। वृद्ध कन्हैयालाल ने बताया कि वह रोज की भांति सोमवार को अल सुबह बहू के साथ जंगल से तेंदूपत्ता तोडने के बाद घर लौटा। जब घर के लोग खाना खा रहे थे,तभी बहू बालि के चावल खाते समय अचानक खून की उल्टियां हुई और वह अचैत होकर गिर गई। जब कन्हैया और राहुल उसे लेकर वीरपुर अस्पताल लेकर पहुंचे तो वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में वीरपुर थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर नव विवाहिता के शव का जिला अस्पताल में पीएम कराकर शव परिजनो को सौंपा और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



#### तीन साल पहले घर में बहू बनकर आई थी विवाहिता

ग्रामीणों की माने तो वृद्ध कन्हैयालाल का राहुल इकलौता बेटा है। जो कि मूक बधिर है। जिसकारण इस क्षेत्र में उसकी शादी नहीं हो पा रही है। ऐसे में घर का वंश डूबना तय दिख रहा था। इसलिए वृद्ध कन्हैया घर के वंश को आगे बढाने के लिए तीन साल पहले किसी तरह बिहार से बालि के रूप में बहू ढूंढकर लाया और उससे राहुल की शादी कराई। जिसके बाद घर में खुशिया आ गई। बता दें कि बहू बनकर महिला बालि के पहले से एक बेटी है, जो उसके साथ में ही यहां आई। राहुल से शादी के बाद उसके एक बेटी फिर पैदा हो गई। जिससे उसकी अब दो बेटी हो गई। जिनमें एक 6 साल की तो दूसरी दो साल करीब की है।

#### राहुल मूक बधिर,कन्हैया बुजुर्ग, कैसे हो होगी बेटियो की परवरिश

विवाहिता बालि की मौत के बाद यह सवाल खडा हो गया है कि उसकी दोनो मासूम बेटियो की परवरिश कैसे हो पाएगी। क्योंकि मृतक विवाहिता का पति राहुल मूक बधिर है जबकि ससुर कन्हैया वृद्ध है। हालांकि वृद्ध कन्हैया का कहना है कि जब तक उसके हाथ पैर चलेगे, तब तक वह मेहनत मजबूरी करके घर की गाडी को चलाएगा और दोनो पोतियो का लालन पालन करेगा, लेकिन उसके बाद दोनो बेटियों का लालन पालन कैसे हो पाएंगा। यह एक बडा सवाल है, क्योंकि राहुल तो मूक बधिर है, जो न तो कुछ बोल सकता है और न ही सुन सकता है। ऐसे में उसके बूते दोनो बेटियों की परवरिश होना असंभव सी बात लग रही है। इसलिए ग्रामीणों ने इस गरीब परिवार की मदद के लिए शासन प्रशासन से अपने हाथ बढाने का अनुरोध किया है।

#### इनका कहना...

प्रथम दृष्टया तो महिला की मौत उल्टी के जरिए खून अधिक निकल जाने की वजह से मौत होना प्रतीत हो रहा है। विसरा भी जांच के लिए भेज दिया है। विसरा की रिपोर्ट आने के बाद भी इस मामले में आगे कुछ बताना संभव हो पाएगा।

**डॉ गजेन्द्र धाकड**
**प्रभारी सिविल सर्जन,श्योपुर**

स्पॉन्सरशिप योजना में दोनो बच्चियों को लाभ दिया जाएगा। शासन द्वारा उक्त योजना के तहत ऐसे बच्चो के लिए चार चार हजार रूपए की मासिक राशि उनके अधिकृत अभिभावको को उपलब्ध कराई जाती है। प्रशासन की ओर से उन्हें हर संभव मदद दिलवाई जाएगी।

**शीला दाहिमा**
**कलेक्टर,श्योपुर**

# दाऊदी बोहरा समुदाय ने मनाई ईद कल 8 मस्जिदों में पढ़ी जाएगी नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

शिया दाऊदी बोहरा समुदाय ने ईद उल अजहा का त्यौहार मंगलवार को हर्षोल्लास से मनाया इस दौरान आमिल साहब (दाऊदी बोहरा समाज के धर्म गुरु के प्रतिनिधि) ने पहले फजर की नमाज अदा कराई फिर ईद की नमाज पढ़ाई. बाद में त्याग का प्रतीक माने जाने वाले जानवरों की कुर्बानी दी गई. गुरुवार को सुन्नी मुस्लिम समुदाय ईदगाह सहित 8 मस्जिदों में ईद की नमाज अदा करेगा, सभी मस्जिदों में नमाज का समय तय कर दिया गया है.

दाऊदी बोहरा समाज के प्रवक्ता सिराज दाऊदी ने बताया कि आमिल साहब शेख हुसैन भाई अमरावती वालों ने सुबह 5:30 ईद की नमाज पढ़ाई उसके बाद सभी ने एक दूसरे के गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी बाद में कुर्बानी का दौरा हुआ इसके बाद घर-घर में दावतों का दौर भी शुरू हो गया कुर्बानी आलिम साहब के निगरानी में की गई जिसमें सामूहिक रूप से गोश्त का वितरण किया गया किसी को कम ज्यादा नहीं, जिनकी कुर्बानी थी उन्हें भी उसके परिवार के हिसाब से हिस्सा वितरण कर दिया ताकि समानता बनी रहे. इस दौरान धर्मगुरु सैयदना साहब ने मुंबई से विश्व शांति के लिए दुआ की और धर्मवलंबियों को क़ुरबानी का मतलब समझाया.



#### स्वछता अभियान चलाया

दाऊदी बोहरा समुदाय ने पहली बार ईद के त्यौहार पर स्वछता अभियान भी चलाया. जिसमें पूरे मोहल्ले की सफाई की गई और पूरी बस्ती में स्वछता का वातावरण बनाए रखने के लिए शपथ भी ली. सफाई अभियान शब्बीर भाई के नेतृत्व में चलाया गया. इस दौरान नजमी कमेटी के मेंबर हकीमुद्दीन दाऊदी, अकबर अली, हुसैन अली, अली अकबर, मोइज अली, मुस्तफा दाऊदी, रियाज अली, सज्जाद हुसैन, शब्बीर अली, अब्बास अली सहित कई युवाओं ने भागीदारी की.

## खबर संक्षेप

### जुओं के अड्डों पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले की बहादुरपुर थाने की पुलिस ने जुए के दो अडडों पर छापामार कार्यवाही की है। यह अडडे हारूखेडी गांव में नीम के पेड के नीचे चलाए जा रहे थे, पुलिस ने पहले अडडे से बंटी साहू, पटेल अहिरवार, सिरनाम अहिरवार को गिरफ्तार किया है जिनके पास से 2980 रूपए व ताश की गडडी बरामद की गई है। इसी प्रकार दूसरे अडडे से पुलिस ने दीपक आदिवासी, आजाद अहिरवार व अमित साहू को गिरफ्तार किया है।

### स्कूल में युवक का शव फांसी के फंदे पर मिला

**अशोकनगर।** जिले के रिजौदा गांव में भरत पुत्र वीर सिंह यादव उम्र 34 वर्ष का शव सरकारी स्कूल में फांसी के फंदे पर लटका मिला है। घटना सुबह तब सामने आई जब एक बालिका स्कूल की तरफ गई और उसने खिड़की से फांसी के फंदे पर युवक का लटका देखा। बताया गया है कि भरत यादव घर से सुबह 5 बजे बिना बताए चला गया था, वह 4 बेटियों का पिता था।

### नवजात शिशु का शव कुत्ते नोंचते रहे

**अशोकनगर।** स्थानीय सीएचएमओ कार्यालय और सर्किट हाउस के पीछे दो महीने के एक नवजात शिशु का शव मिला है जो दो हिस्सों में बटा हुआ था। इस नवजात शिशु के शव को कुत्ते नोंच रहे थे, जब वहां से निकल रहे एक राहगीर ने देखा तब कुत्तों को भगाया और देहात पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात शिशु का शव बरामद किया है।

### अज्ञात आरोपी मंदिर से भगवान के आभूषण चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत बालाजी मंदिर गणेशखेडा में हनुमान जी के मंदिर से अज्ञात चोर चांदी के आभूषण, मुकुट, पैरों के कड़े, छत्र और जनउ चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है।

### अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा 20 मई 2026 को लंबित सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान लंबित शिकायतों को अटेण्ड नही पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये है। जारी आदेशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुंगावली इसरार अहमद खान,जेल अधीक्षक जिला जेल अशोकनगर ललित दीक्षित, उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग डॉ.मनीष व्यास,पशु चिकित्सा अधिकारी जवाहर सिंह सगर, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग से कमलेश गहलोत, उप वन मण्डल अधिकारी आदित्य शांडिल्य, अधीक्षण यंत्री जल संसाधन यू.एस.वास्कले,सर्किल हेड वित्त विभाग आशु गर्ग को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

### जैन समाज ने की संतों की सुरक्षा की मांग

# रीवा की घटना को लेकर जैन समाज में आक्रोश, मौन जुलूस निकाल सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जैन समाज ने सोमवार को हाथों में काली पटटी बांधकर मौन जुलूस निकाला और कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में मांग की गई है कि जैन समाज अहिंसक है लेकिन रीवा में दो जैन साध्वीयों की वाहन से कुचलकर की गई घटना संत समाज के लिए असुरक्षा की भावना पैदा कर रही है। इस ज्ञापन के माध्यम से देश भर में संतो की सुरक्षा की मांग की गई है।

20 मई को रीवा के पॉश एरिया कलेक्ट्रेट और सिविल पुलिस थाने के अत्यंत समीप घटित हृदयविदारक, नृशंस और रूह कंपा देने वाली घटना की ओर आकर्षित करना चाहते हैं। परम पूज्य आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज की परम प्रभावक शिष्या पूज्य आर्यिका श्रुतमती माताजी एवं पूज्य आर्यिका उपशममती माताजी को जिस तरह सुनियोजित तरीके से वाहन से कुचलकर मौत के घाट उतारा गया, उसने संपूर्ण जैन समाज के सब्र को पूरी तरह से तोड़ दिया है।

उपलब्ध वीडियो फुटेज के साक्ष्य चीख-चीखकर गवाही दे रहे हैं कि यह कोई सामान्य सड़क दुर्घटना नहीं है, बल्कि यह सीधे-सीधे अहिंसा और हमारी आस्था पर किया गया क्रूर हमला है। कार चालक राशिद अहमद अली एमएच 49 सीडी 8309 द्वारा जानबूझकर, साइड में चल रही निहत्थी, पैदल विहार कर रही आर्यिका माताजी को पूरी ताकत से टक्कर मारना और फिर निर्दयता से भाग जाना, एक गहरे और सुनियोजित षड्यंत्र की ओर इशारा करता है। इस भयावह कृत्य से अहिंसा परमो धर्म के मार्ग पर चलने वाले शांतप्रिय जैन समाज का धैर्य अब पूरी तरह जवाब दे चुका है। इस मौके पर जैन समाज के अध्यक्ष राकेस कांसल, महामंत्री राकेश अमरौद, कोषाध्यक्ष सुनील अखाई सहित सभी पदाधिकारी और समाज जन शामिल थे।



**सकल जैन समाज द्वारा मौन रैली व विनयांजली सभा आयोजित**

विगत सप्ताह रीवा जिला मुख्यालय में कलेक्ट्रेट भवन के सामने विहाररत जैन साध्वी आर्यिका माताजी के साथ के हुई सड़क दुर्घटना को लेकर जैन समाज में आक्रोष व्याप्त है। इस घटना के विरोध में और पद विहार करने वाले साधु-संतों की सुरक्षा हेतु राष्ट्रीय स्तर पर "संत सुरक्षा प्रोटोकॉल" बनाने की मॉग भारत सरकार के गृहमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी चन्देरी को ज्ञापन सोमवार को प्रस्तुत किया जाएगा। चन्देरी नगर में विराजमान निर्यापक मुनि श्री 108 अभयसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में रविवार को श्री चैबीसी जैन मंदिर में एक विनयांजली सभा के माध्यम से दुर्घटना के कारण मरण को प्राप्त आर्यिका श्रुतमति एवं उपशममति माताजी को श्रृद्धा सुमन अर्पित किए। महाराज ने अपने प्रवचन के माध्यम से बताया कि संत सुरक्षा केवल एक समाज का विषय नहीं, भारत की आध्यात्मिक विरासत की सुरक्षा का प्रश्न है। कार्यक्रम के अंत में सभी समाज जनों ने णमोकार मंत्र का जाप कर दिवगंत आत्मा की शांति की प्रार्थना ईश्वर से की।

### पिपरई में भी जैन समाज ने ज्ञापन सौंपा और विरोध जताया

कस्बे में सकल जैन समाज ने रीवा में जैन साध्वी के साथ हुई सड़क दुर्घटना के विरोध में सोमवार सुबह सकल जैन समाज द्वारा कस्बे के जैन मंदिर से मौन रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष सहित छोटे छोटे बच्चे भी शामिल हुए ।सभी लोग हाथों में तख्तियां लेकर जैन संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई।

रैली के दौरान समाजजनों ने कहा कि देशभर में जैन संतों एवं साध्वियों के साथ लगातार घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे समाज में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने संतों की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाए जाने की मांग की। मौन रैली जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मुंगावली रोड स्थित तहसील कार्यालय पहुंची। जहां समाज के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, गृहमंत्री, मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के नाम तहसीलदार अंजनी चैधरी को ज्ञापन सौंपा। समाजजनों ने प्रशासन से मांग की कि जैन संतों की यात्रा एवं विहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा इस प्रकार की घटनाओं पर कठोर कार्रवाई की जाए। जिससे इसी घटनाओं की पुनर्बृद्धि न हो।

ईसागढ में भी जैन समाज ने ज्ञापन सौंपा

ईसागढ में भी जैन समाज ने ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया, इस दौरान जैन समाज ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें अध्यक्ष ओपी जैन, महामंत्री राकेश जैन, उपाध्यक्ष मनोज जैन, कोषाध्यक्ष मनीष जैन और प्रचार मंत्री प्रवीण बडकुल शामिल थे। ज्ञापन के माध्यम से संतो की सुरक्षा की मांग की गई।

**खास बातें**

- त्वरित निष्पक्ष उच्चस्तरीय जाँच न्यायिक जाँच इस पूरे हत्याकांड की जाँच तत्काल एक विशेष जाँच दल या उच्चस्तरीय न्यायिक आयोग को सौंपी जाए।

2 घटना से संबंधित सभी सीसीटीव्ही फुटेज, वीडियो एवं डिजिटल साक्ष्यों को तुरंत जब्त कर सुरक्षित किया जाए ताकि कोई हेरफेर न हो सके।

3 हत्यारे चालक और उसके पीछे छिपे असली चेहरों व षड्यंत्रकारियों को बेनकाब कर उन पर हत्या (धारा 302) और देशद्रोह जैसी कठोरतम धाराओं के तहत मुकदमा चलाया जाए।

4 संत सुरक्षा प्रोटोकॉल की तत्काल प्रभाव से लागू करना : विहाररत साधु-संतों की सुरक्षा हेतु देश के सभी राज्यों में प्रशासनिक समन्वय अनिवार्य किया जाए।

5 संवेदनशील और संकीर्ण मार्गों हेतु संतों की सुरक्षा के विशेष कानूनी प्रावधान निर्मित किए जाएँ।

6 संतों के विरुद्ध अपराधों को शिवशेष संवेदनशील श्रेणी में रखना : 0 चूंकि साधु-संत आत्मरक्षा के लिए किसी साधन या शस्त्र का उपयोग नहीं करते, इसलिए उनके विरुद्ध किए गए किसी भी अपराध को गैर-जमानती और त्वरित न्यायालय के अधीन लाकर अधिकतम 3 महीने में सजा सुनिश्चित की जाए।

# केनरा बैंक एटीएम में किसान से दस हजार और एटीएम कार्ड छीनकर भागे लुटेरे बदमाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

चंदेरी नगर में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब उन्हें दिनदहाड़े वारदातों को अंजाम देने में भी पुलिस का कोई खौफ नहीं रह गया है। ताजा मामला चंदेरी के मुख्य केनरा बैंक एटीएम से सामने आया है, जहाँ दो शातिर बदमाशों ने एक सीधे-साधे किसान को अपना शिकार बनाया। बदमाशों ने किसान के साथ झूमा झटकी करते हुए उसके हाथ से दस हजार नगद और एटीएम कार्ड छीन लिया और मौके से फरार हो गए। यह पूरी वारदात एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ति किसान दिलवक सिंह (पुत्र लखा सिंह) ग्राम गरेठी तहसील पिपरई बैंक के शिलंक फेलश होने की समस्या से परेशान थे। बैंक के चक्कर काटकर थक चुके किसान ने आखिरकार पैसे निकालने के लिए कैनरा बैंक के ही बैंक के आगे लगे केनरा बैंक के एटीएम का रुख किया। पीड़ति किसान दिलवक सिंह ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि जब मैं पैसे निकालने के लिए एटीएम मशीन के पास गया,तो वहां मौजूद आरोपी चालाकी से मेरा पासवर्ड (पिन नंबर) देख रहा था। जैसे ही मशीन से पैसे निकले और मैंने 10,000 हाथ में लिए,तभी आरोपी ने अपना एटीएम कार्ड मशीन में फंसा दिया और मुझे भ्रमित कर दिया। इससे पहले कि मैं कुछ समझ पाता,दोनों आरोपियों ने मुझे जोरदार धक्का दिया और मेरे हाथ से 10,000 नगद व मेरा एटीएम कार्ड छीनकर बाइक से कॉलेज पिछोर रॉड की तरफ भागते हुए रफूचक्कर हो गए।

दिन दहाड़े हुई इस लूट की वारदात के बाद पीड़ति ने तुरंत डायल-112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही चंदेरी पुलिस मौके पर पहुंची और एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में आरोपी वारदात को अंजाम देते हुए साफ नजर आ रहे हैं। पीड़ति किसान ने चंदेरी थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज जांच के बाद एफआईआर दर्ज करने की बात कह रही है। इस वारदात ने केनरा बैंक की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। स्थानीय लोगों और पीड़ति ने बैंक प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सुरक्षा गार्ड का न होना इतनी बड़ी बैंक और मुख्य मार्ग पर स्थित एटीएम होने के बावजूद वहां सुरक्षा के लिए कोई निजी गार्ड तैनात नहीं था। यदि वहां गार्ड होता, तो शायद बदमाशों की इतनी हिम्मत नहीं होती। कर्मचारियों की लापरवाही पीड़ति का आरोप है कि जिस समय यह घटना घटी, उस समय बैंक में केवल एक या दो कर्मचारी ही मौजूद थे, बाकी के कर्मचारी अपनी सीटों से नदारद थे।

### क्षेत्र में लगातार बढ़ रही हैं लूट की घटनाएं

चंदेरी और आसपास के ग्रामीण इलाकों में लगातार बढ़ती अपराध की घटनाओं से आम जनता में भारी आक्रोश है। अभी पिछले दिनों ही चुरारी के पास रात के समय एक राहगीर से लूट की बड़ी वारदात सामने आई थी और अब दिनदहाड़े बैंक के पास हुई इस घटना ने पुलिस गश्त और सुरक्षा दावों पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि फरार लुटेरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और बैंक एटीएम पर सुरक्षा गार्ड अनिवार्य किए जाएं।

**कार्रवाई करेंगे**

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**प्रशांत यादव चंदेरी** थाना प्रभारी

# जिले में मादक पदार्थों पर कार्रवाई और नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में मादक पदार्थों पर कार्यवाही एवं नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय बैठक कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण, अवैध खेती की रोकथाम, अंतरराज्यीय सीमाओं की निगरानी, विद्यालयों एवं कॉलेजों में नशे के विरुद्ध जनजागरूकता जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्देशित किया कि जिले में मादक पदार्थो की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सभी समन्वित प्रयास संबंधित अधिकारियों द्वारा किये जाए। साथ ही मादक पदार्थो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। इस हेतु जन जागरूकता के माध्यम से लोगों को नशा न करने के प्रति जागरूक किया जाए। बैठक में मादक पदार्थो की तस्करी की प्रवृत्तियों के बारे में आसूचना/सूचना का आदान-प्रदान किया जाए।जिले में अफीम, भांग आदि की फसल की अवैध खेती की निगरानी रखी जाए। ऐसे प्रकरण जो राज्य के बाहर संबंधी हों उनकी जांच की प्रगति की निगरानी की जाए। स्कूलों, कॉलेजों आदि में नशीली दवाओं के दुरूपयोग विरोधी जागरूकता को बढावा देने हेतु कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाए।



# पीजी कॉलेज में जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

पीजी कॉलेज में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत गंगा दशहरा दिवस के अवसर पर जल संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर एक प्रेरणादायी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल के महत्व के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करना था। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ रेखा बरेठिया ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है तथा वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। इस स्थिति से निपटने के लिए वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों का संरक्षण, जल के विवेकपूर्ण उपयोग तथा पर्यावरण संरक्षण को अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

डॉ एमएल सोनी ने जल बचाने के छोटे-छोटे उपायों को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए जल संरक्षण की शपथ ली। प्रतिभागियों को मोहम्मद रफीक शेख द्वारा जल संवर्धन से संबंधित व्यावहारिक उपायों की जानकारी भी प्रदान की गई। प्रो आरएस तिवारी द्वारा विद्यार्थियों को जल संरक्षण के लिए निरंतर वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि यदि आज जल का संरक्षण नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ेगा।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम प्रभारी डॉ नीलम सिंह द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया तथा सभी से अपने आसपास जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने, अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा जल के अपव्यय को रोकने का संकल्प लेने का आग्रह किया गया। आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ क्रांति मिश्रा, अनीता रोहित सहित समस्त कॉलेज स्टाफ की सहभागिता रही।



# जिला कांग्रेस के पूर्व संगठन मंत्री के नेतृत्व में महंगाई के खिलाफ किया

### बैलगाड़ी के साथ निकाला जुलूस, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



जिला ग्रामीण कांग्रेस पूर्व संगठन मंत्री पीपी नायक के आवाह्न पर सर्वोदय चौराहा पर बैलगाड़ी के साथ महंगाई के विरोध में सर्वोदय चौक से अंबेडकर तिराहा तक जुलूस निकाला। साथ ही पेट्रोल पंप पर पहुंचकर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार अंबर पंथी को महंगाई के विरोध में ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर समस्त कांग्रेस जनों ने सखी सैंय्या बहुत कामत है, महंगाई डायन खाए जात है, महंगाई के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। कार्यक्रम के आयोजन पूर्व जिला संगठन मंत्री पीपी नायक ने कहा कि लगातार बढ़ रही डीजल पेट्रोल की कीमतों से गरीब एवं मध्यम वर्गीय लोगों पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। आम जनता का जीना दुस्वार हो गया है एवं किसानों कि हालत बहुत खराब हो गई है।

शहर अध्यक्ष अनुराग ठाकुर ने कहा कि किसानों को एक तो उनकी उपज़ कि तुलाई सही समय पर नहीं हो रही है। फसल का उचित दाम भी नहीं मिल रहा है और ऊपर से डीजल पेट्रोल के दाम बढ़कर क्रमशः डीजल 99 रुपए प्रति लीटर एवं पेट्रोल 114 रुपए प्रति लीटर हो गया है। जिससे रोजमर्रा की खाने-पीने कि वस्तुए भी महंगी होती जा रहीं है। युवक कांग्रेस अध्यक्ष महेश व्यास ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जब मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने कहा था कि जब जिस देश का रुपया डॉलर के मुकाबले गिरता है उस देश के प्रधानमंत्री कि साख भी गिरती है अब प्रधानमंत्री अपनी साख बचाएं। अशोक परिहार ने कहा कि रसोई गैस महंगी, खाने का तेल महंगा, दाले भी महंगी, शक्कर-चावल सभी के दाम दिनों दिन बढ़ते जा रहे है। उमा नवैया ने कहा सब्जियों के दाम भी दिनों दिन बढ़ रहे है। जिससे गरीब जनता कि थाली से दो वक्त का भोजन गायब हो रहा है। इस मौके पर निर्भय सिंह ठाकुर, अनुराग ठाकुर, पंकज यादव, भाव सिंह, नरेंद्र सिंह ठाकुर, चंद्रशेखर बबलू राज, ओम प्रकाश पासु, प्रभु दयाल सोनी, एडवोकेट हरि नारायण कुशवाहा, प्रशांत राय, देवदत्त तिवारी आदि लोग मौजूद थे।

### शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा के लंबित पत्रों एवं विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि संबंधित विभागों के अधिकारी शिकायतों को अटेंड कर शिकायतों का निराकरण करें। जिससे शिकायतों का निराकरण समय सीमा में हो सके।

### जल संचय जन भागीदारी अभियान

बैठक में जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित जल संचय जन भागीदारी अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों के आयोजनों की समीक्षा की गई। अभियान के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में आमजन की सहभागिता से जल स्त्रोतों के संरक्षण साफ सफाई एवं जल संरचनाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

### जल गंगा संवर्धन अभियान

जिले में जल संरक्षण और जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन को लेकर संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न श्रमदान एवं जन जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए की अभियान के तहत जन सहभागिता से तालाब, नदी एवं जल संरचनाओं की साफ सफाई एवं गहरीकरण का कार्य श्रमदान से कराया जाए।

### गेहूं उपार्जन कार्य की समीक्षा

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उत्पादन कार्य की प्रगति की कलेक्टर ने विस्तृत समीक्षा की। गेहूं उत्पादन का कार्य 28 मई 2026 तक किया जाएगा। उपार्जन केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदाने,तौलकांटों तथा परिवहन की व्यवस्था की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने किसानों के भुगतान की प्रक्रिया समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

### कृषक कल्याण वर्ष 2026

बैठक में कलेक्टर मालवीय ने कृषक कल्याण वर्ष 2026 की समीक्षा करते हुए किसानों की आय वृद्धि, आधुनिक कृषि तकनीक, शासन की किसान हितैषी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत जिले में किसान संगोष्टियां, कृषि प्रशिक्षण, कृषि रथ संचालन, फसल प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष का उद्देश्य किसानों को सशक्त बनाना तथा कृषि को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करना है।

### पेयजल व्यवस्थाओं की समीक्षा

कलेक्टर मालवीय ने बैठक में पेयजल व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की नियमित समीक्षा की जाए। प्रत्येक गांव में पीने के पानी हेतु सार्वजनिक स्त्रोतों की उपलब्धता होनी चाहिए। निजी बोर एवं हैंडपंप का अधिग्रहण किया जाए। पेयजल की समस्या की सूचना प्राप्त होने पर यथाशीघ्र पेयजल की समस्या का समाधान कराया जाए। ग्रामों में नल जल योजना अंतर्गत नियमित पानी की टंकियां जो पंचायत के लिए हैंण्डओवर कर दी गई है। ग्राम पंचायत द्वारा नल जल योजना का संचालन व्यवस्थित रूप से किया जाए। मोटर की आवश्यकता होने पर मोटर क्रय की जाए। हर बसाहट में एक पानी का सार्वजनिक स्त्रोत हो यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर कमिश्नर की बैठक के नवीन विषय कृषि एवं समृद्ध क्षेत्र औद्योगिक नीति एवं निवेश को प्रोत्साहन, नियमित विभागीय एजेंट लक्ष्य एवं प्रगति, सुशासन, नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, भू अभिलेख पोर्टल की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर आदि रहे मौजूद।